हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

बिलासपुर, शुक्रवार 11 सितंबर 2026

खबर संक्षेप

ग्राम्य भारती महाविद्यालय में एचआईवी एड्स जागरूकता कार्यक्रम

हरदीबाजार। शासकीय ग्राम्य भारती महाविद्यालय हरदीबाजार में राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत विभागीय इंटेसीफाइड आईईसी कम्पेन के तहत एचआईवी एवं एड्स रोकथाम एवं नियंत्रण अधिनियम 2017 विषय पर जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं एवं कर्मचारियों को जानकारी दी गई। महाविद्यालय में आयोजित एक दिवसीय एनएसएस शिविर के दौरान एनएसएस महिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती अंजली कंवर द्वारा उपस्थित छात्र-छात्राओं एवं स्वयंसेवकों को एच.आई.वी एड्स से बचाव एवं जागरूकता संबंधी शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर एनएसएस पुरुष कार्यक्रम अधिकारी डॉ. के.के. दुबे भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एम.एम. वैष्णव, प्रभारी प्राचार्य डॉ. अनिल पाण्डेय, रेड रिबन सोसायटी के नोडल अधिकारी डॉ. एस.के. मूर्ति, एस.के. दुबे, डॉ. अनु रमन, डॉ. रानू राठौर, डॉ. अर्चना बोरकर एवं श्रीमती लखेश्वरी सहित महाविद्यालय के समस्त अतिथि व्याख्याता ,प्राध्यापकगण एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

रितेश, शचीन्द्र व गुलाब चुने गए निगम के फेस आफ द मंथ

कोरबा। निगम में कार्यरत कर्मचारी रितेश चन्द्र, शचीन्द्र थवाईत एवं गुलाब सिंह कंवर को सितम्बर माह का फेस आफ द मंथ चुना गया है। महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत व आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने फेस आफ द मंथ चुने गए इन कर्मचारियों को बधाई दी है तथा कार्य के प्रति उनकी निष्ठा की सराहना की है। उल्लेखनीय है कि आज से डेढ़ वर्ष पूर्व निगम का फेस आफ द मंथ चुने जाने का सिलसिला प्रारंभ हुआ था, इसका मुख्य उद्देश्य निगम के उत्कृष्ट कार्य करने वाले तृतीय व चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को सम्मानित करना, उनका उत्साहवर्धन करना एवं अन्य कर्मचारियों को भी इस हेतु प्रेरित व प्रोत्साहित करना था। इसी कड़ी में रितेश चन्द्र, शचीन्द्र थवाईत एवं गुलाब सिंह कंवर को सितम्बर माह का फेस आफ द मंथ चुना गया है। फेस आफ द मंथ चुने जाने की इस पहल से निगम के अधिकारी कर्मचारियों विशेषकर छोटे कर्मियों को उत्कृष्ट कार्य करने हेतु प्रोत्साहन प्राप्त हो रहा है तथा उनके बीच अच्छा कार्य करने की प्रतिस्पर्धा बढ़ रही है, वहीं जिन कर्मचारियों को फेस आफ द मंथ चुना जाता है, वे अपने आपको सम्मानित महसूस कर रहे हैं, उन्हें भविष्य में और अधिक अच्छा कार्य करने, कार्यो में उत्कृष्ट परिणाम देने की प्रेरणा मिल रही है।

राष्ट्रीय सेवा योजना का एक दिवसीय शिविर संपन्न

हरदीबाजार। शासकीय ग्राम्य भारती महाविद्यालय हरदीबाजार की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा गोद-ग्राम भाठापारा में एक दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र में जन-जागरूकता बढ़ाना, सामाजिक सहभागिता को मजबूत करना तथा गोद ग्राम के समग्र विकास में अपना योगदान देना रहा।शिविर में ग्राम के सरपंच लोकेश्वर सिंह कंवर, रा.से.यो के पुरुष कार्यक्रम अधिकारी के.के दुबे सर एवं महिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती अंजली कंवर उपस्थित रहे,उनके विशेष सहयोग एवं मार्गदर्शन से स्वयंसेवकों ने ग्राम में विभिन्न जागरूकता गतिविधियाँ आयोजित की गई,तथा ग्रामीणों को स्वच्छता, शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण, नशामुक्ति, साइबर सुरक्षा, जल संरक्षण एवं सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक किया। शिविर में वरिष्ठ स्वयंसेवक विपिन शर्मा, लक्की साहू, साहिल नामदेव, मयंक, साहिल पाटले, उमेश, हिमांशु, राम शरण, कोमल, गजेंद्र, अरुण, सत्येंद्र, संजना साक्षी, मोनू, सुमन, हिंगलेश्वरी, दिव्यांशी, बादल, ख़ुशी, मनीषा, रश्मि, मंजु, आस्था, मयूरी, इंदु, साधना एवं अन्य स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

बकाएदारों के खिलाफ विद्युत विभाग का अभियान तेज, 9 दिन में 225 बकायादारों की काटी गई लाइन

शहरी क्षेत्र के तीनों जोन में 126 करोड़ रुपए का बकाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

विद्युत वितरण विभाग ने करोड़ों रुपये की बकाया राशि वसूलने के लिए शहरी क्षेत्र में अपना अभियान काफी तेज कर दिया है। सितंबर महीने की शुरुआत से ही शहर के तीनों जोन में विशेष टीमें गठित की गई हैं, जो लगातार बकायेदारों के घर-घर पहुंचकर वसूली की कार्रवाई में जुटी हैं।

विभागीय के शहरी क्षेत्र के डीई राजेश कुमार चौहान ने बताया कि शहरी क्षेत्र के तीनों जोन को मिलाकर वर्तमान में कुल 126 करोड़ रुपये की राशि बकाया है। इस बकाया राशि की रिकवरी के लिए गठित अलग-अलग टीमें सुबह से ही क्षेत्र में सक्रिय हो जाती है। बुधवार को चलाए गए विशेष अभियान के दौरान विभागीय टीमों ने ऐसे 56 बकायेदारों के घरों की बिजली काट दी (लाइन विच्छेदन किया) जिन पर कुल मिलाकर 34 लाख रुपये से अधिक का बिल बकाया था। विभाग द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, 1 सितंबर से शुरू हुए इस कड़े अभियान के तहत अब तक शहरी क्षेत्र में 225 से अधिक बकायेदार उपभोक्ताओं के बिजली कनेक्शन काटे जा चुके हैं। विद्युत विभाग ने साफ किया है कि यह कार्रवाई आगे भी निरंतर जारी रहेगी। विभाग ने सभी उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे असुविधा और कनेक्शन कटने की कार्रवाई से बचने के लिए जल्द से जल्द अपना बकाया बिजली बिल जमा कराएं।

खास बातें

- विद्युत वितरण विभाग के डीई के नेतृत्व में चलाया जा रहा है विशेष अभियान
- बुधवार को 56 लोगों की काटी गई लाइन

अब तक जिले में 19 पीड़ित मरीजों की हुई पहचान, उपचार जारी

जिले में स्वाइन फ्लू के 3 नए मरीज आए सामने, 9 केस एक्टिव

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में स्वाइन फ्लू पीड़ित मरीजों की संख्या में इजाफा देखने को मिल रहा है। मंगलवार को 3 नए स्वाइन फ्लू के मरीज सामने आए हैं जिसके बाद जिले में स्वाइन फ्लू के मरीजों की संख्या 19 हो गई है जिनमें से 9 केस एक्टिव हैं। स्वास्थ्य विभाग का कहना है इनमें से अधिकतर मरीज ऐसे हैं जिन्हे किसी दूसरी बीमारी की वजह से अस्पताल में भर्ती कराया गया और जांच के दौरान उनमें स्वाइन फ्लू पॉजीटिव पाया गया है। फिलहाल स्वाइन फ्लू पीड़ित मरीजों का उपचार जारी है और स्थिति नियंत्रण में है।

उल्लेखनीय है कि प्रदेश में स्वाइन फ्लू के मामलों में लगातार इजाफा हो रहा है। स्वास्थ्य विभाग की ओर से जारी रिपोर्ट के अनुसार प्रदेश में स्वाइन फ्लू के 46 नए मरीज मिले हैं। इनमें रायपुर में सबसे अधिक 19 मरीज मिले हैं। वहीं कोरबा में भी मंगलवार को स्वाइन फ्लू के 3 नए मरीज सामने आए हैं। जिले में अब तक 19 लोग स्वाइन फ्लू पॉजीटिव पाए गए हैं जिनमें से 9 केस एक्टिव हैं। स्वास्थ्य विभाग की मानें तो अगस्त और सितंबर माह में अब तक 9 मरीज स्वाइन फ्लू से पीड़ित मिले हैं इनमें से अधिकतर मरीज ऐसे हैं जिन्हें किसी दूसरी बीमारियों की वजह से उपचार के लिए जिला मेडिकल कालेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उपचार के दौरान स्वास्थ्य में सुधार नहीं होने पर जब इनकी जांच कराई गई और सैंपल टेस्ट के लिए लैब भेजा गया उस दौरान इसका खुलासा हुआ कि मरीज स्वाइन फ्लू पॉजीटिव हैं। जिले में लगातार स्वाइन फ्लू के नए मरीज सामने आ रहे हैं जिससे स्वास्थ्य विभाग की मुश्किलें बढ़ती जा रही है। यही वजह है कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा ऐसे मरीज जिनमें स्वाइन फ्लू के लक्षण नजर आ रहे हैं उन्हें तत्काल जांच के लिए भेजा जा रहा है और सैंपल लैब भेजा जा रहा है। जिला मेडिकल कालेज अस्पताल में वर्तमान में 9 मरीज ऐसे हैं जिनमें स्वाइन फ्लू पॉजीटिव है और उनका उपचार जारी है। प्रदेश में लगातार स्वाइन फ्लू मरीजों की संख्या में बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। सबसे अधिक राजधानी रायपुर में स्वाइन फ्लू के मरीज सामने आए हैं। रायपुर में स्वाइन फ्लू के 19 एक्टिव केस हैं। प्रदेश में वर्तमान में स्वाइन फ्लू के 113 एक्टिव मरीज हैं। इनमें 32 मरीजों का होम आइसोलेशन में इलाज जारी है, जबकि 81 मरीज अस्पताल में भर्ती हैं। स्वास्थ्य विभाग के उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, 1 जनवरी 2026 से 8 सितंबर 2026 तक प्रदेश में स्वाइन फ्लू के कुल 298 पॉजिटिव मरीज मिल चुके हैं। राहत की बात यह है कि अब तक स्वाइन फ्लू से किसी भी मरीज की मौत दर्ज नहीं हुई है। सबसे कम जांजगीर चांपा, कोंडागांव व मुंगेली में स्वाइन फ्लू मरीजों की संख्या सबसे कम है। तीनों ही जिलों में 1-1 स्वाइन फ्लू पीड़ित मरीजों की पहचान की गई है।

9 एक्टिव केस हैं

जिले में अब तक स्वाइन फ्लू के 19 मरीज सामने आए हैं जिनमें से 9 एक्टिव हैं। अगस्त और सितंबर माह में अब तक 9 स्वाइन फ्लू मरीजों की पहचान की गई है। हालांकि इनमें अधिकतर मरीज ऐसे हैं जिन्हें किसी दूसरी बीमारी के इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है और जांच के दौरान इनमें स्वाइन फ्लू की पुष्टि हुई है।

-डॉ एस एन केसरी, सीएमएचओ

पारिवारिक विवाद पर दूसरी पत्नी को डंबल से हमला कर उतारा मौत के घाट, आरोपी गिरफ्तार

मृतिका बंधन कुंवर।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

आरोपी रमेश।

सात माह पूर्व एक युवक व युवती ने दूसरा विवाह किया था। शादी के बाद दोनों में घर बनाने को लेकर विवाद चला आ रहा था। इसी बात को लेकर मंगलवार की रात दोनों में जमकर कहासुनी हुई थी और अलसुबह फिर से विवाद होने पर आरोपी पति ने सीमेंट से बने डंबल से पत्नी पर ताबड़तोड़ हमला कर उसे मौत के घाट उतार दिया है। आरोपी पति को पुलिस ने गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेज दिया है।

पाली थाना क्षेत्र अंतर्गत वार्ड क्रमांक 9 शांति नगर निवासी रमेश कुमार डोंगरे (40 वर्ष) ने जनवरी महीने में बंधन कुंवर से दूसरी शादी की थी। दोनों की यह दूसरी शादी थी। शादी के बाद से ही दूसरे स्थान पर नया मकान बनाने की बात को लेकर दोनों पति-पत्नी के बीच अक्सर कहासुनी और विवाद होता रहता था। बीती रात भी इसी बात को लेकर दोनों के मध्य जमकर बहस हुई थी। बुधवार की सुबह फिर इसी बात को लेकर विवाद गहरा गया। गुस्से में आकर रमेश डोंगरे ने घर में रखे सीमेंट के भारी-भरकम डंबल से अपनी पत्नी बंधन कुंवर पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया। सिर और शरीर पर गंभीर चोट लगने के कारण महिला की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पाली थाना प्रभारी मनोज कौशिक अपनी टीम के साथ तत्काल मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घटनास्थल का मुआयना कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया और सभी आवश्यक वैधानिक साक्ष्य जुटाए। पुलिस टीम ने मुस्तैदी दिखाते हुए आरोपी पति रमेश डोंगरे को हिरासत में लेकर पूछताछ की, जिसमें उसने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया। पाली पुलिस ने आरोपी के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।

डंबल जिससे महिला पर हमला किया गया था।

खास बातें

- पाली थाना क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 9 शांतिनगर की घटना
- जनवरी महीने में दोनों ने किया था दूसरा विवाह

सीने में दर्द की शिकायत पर अस्पताल गया अपचारी बालक हुआ फरार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बाल संप्रेषण गृह में रखे गए एक अपचारी बालक को बुधवार को सीने में दर्द की शिकायत पर उपचार के लिए जिला अस्पताल ले जाने के बाद वापस लौटते समय कर्मचारियों का हाथ छुड़ाकर फरार हो गया है। इस घटना के बाद विभागीय अधिकारियों के द्वारा अपचारी बालक के साथ गए तीनों कर्मचारियों को नोटिस जारी कर दी गई है। कोहड़िया स्थित नए बाल संप्रेक्षण गृह में पॉक्सो एक्ट के मामले में रखे गए जांजगीर चांपा निवासी अपचारी बालक के द्वारा दोपहर बाद सीने में दर्द और बेचैनी होने की शिकायत स्टॉफ के कर्मचारियों से की गई। जिसके उपचार के लिए बाल संप्रेषण गृह के तीन कर्मचारियों के द्वारा उसे कोहड़िया से सीधे जिला अस्पताल ले जाया गया। अस्पताल पहुंचने के बाद डॉक्टर ने उसकी जांच और उपचार की प्रक्रिया शुरू की। उपचार पश्चात जब उसे वापस लाया जा रहा था तब सीढ़ी से उतरते समय अपचारी बालक स्टाफ का हाथ छुड़ाया और मौके से फरार हो गया।

खास बातें

- अस्पताल के सीढ़ी से उतरते समय कर्मचारियों से हाथ छुड़ाकर भागा
- जिला अस्पताल में बुधवार शाम हुई घटना

दो नगर सैनिक की ड्यूटी

बाल संप्रेषण गृह की सुरक्षा के लिए जिला प्रशासन के द्वारा दो नगर सैनिकों की तैनाती की गई है। दोनों नगर सैनिक बाल संप्रेषण गृह में ही मौजूद थे। चूंकि संप्रेक्षण गृह संवदेनशील होने के कारण वहां की सुरक्षा आवश्यक की गई है जिसके तहत दोनों नगर सैनिक बाल संप्रेषण गृह में ही ड्यूटी पर तैनात थे। जिला अस्पताल संप्रेक्षण गृह के कर्मचारियों के द्वारा अपचारी बालक को ले जाया गया था।

कर्मचारियों को नोटिस जारी

बुधवार की शाम एक अपचारी बालक को सीने में दर्द की शिकायत पर उपचार के लिए जिला अस्पताल ले जाया गया था जहां से वापस लौटते समय अस्पताल परिसर से ही फरार हो गया है। इस मामले में साथ में गए तीनों कर्मचारियों को नोटिस दिया गया है।

-बसंत मिंज, डीपीओ

कटघोरा में शोभायात्रा के दौरान युवक ने आरक्षक से की हुज्जतबाजी, पुलिस ने निकाला जुलूस

इस तरह पुलिस कर्मी के साथ हुज्जतबाजी।

आरोपी का जुलूस निकालते पुलिस।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

गणेश उत्सव के पूर्व कटघोरा में निकाली जा शोभायात्रा के दौरान एक शराबी युवक द्वारा जमकर हुड़दंग करने और पुलिस आरक्षक के साथ हुज्जतबाजी करने का मामला सामने आया है। शोभायात्रा के दौरान युवक कथित तौर पर शराब के नशे में गाली-गलौज करते हुए हंगामा कर रहा था। मौके पर तैनात पुलिस आरक्षक ने जब उसे ऐसा करने से मना किया तो युवक ने पुलिसकर्मी के साथ ही बदसलूकी शुरू कर दी।

मामला बढ़ता देख पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपी युवक को हिरासत में ले लिया। आरोपी की पहचान कटघोरा के वार्ड क्रमांक 3 निवासी पदुम पाटिल के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं के तहत अपराध दर्ज कर उसे गिरफ्तार किया। बताया जा रहा है कि गणेश उत्सव के तहत कटघोरा में कटघोरा के राजा की शोभायात्रा निकाली जा रही थी। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु और नागरिक मौजूद थे। इसी बीच पदुम पाटिल शराब के नशे में शोभायात्रा के दौरान गाली-गलौज करते हुए हुड़दंग करने लगा। शोभायात्रा में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल तैनात था। मौके पर मौजूद पुलिस आरक्षक ने युवक को समझाइश देते हुए गाली-गलौज और हुड़दंग करने से मना किया। आरोप है कि समझाइश से नाराज युवक ने पुलिस आरक्षक के साथ ही हुज्जतबाजी शुरू कर दी और बदसलूकी पर उतर आया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित किया और आरोपी युवक को हिरासत में ले लिया। पुलिस द्वारा आरोपी के विरुद्ध अपराध दर्ज कर नियमानुसार कार्रवाई की गई। इसके बाद पुलिस ने आरोपी का पैदल जुलूस भी निकाला, ताकि कानून व्यवस्था बिगाड़ने वालों को स्पष्ट संदेश दिया जा सके ।

कर्मचारियों का मिलन समारोह

बालको। वर्ष 2008 बैच के कर्मचारियों द्वारा बालको में अपनी 18 वर्ष सेवा पूर्ण होने के उपलक्ष्य में वार्षिक मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में बैच के 35 कर्मचारियों ने सहभागिता निभाई। कार्यक्रम में राजशेखर साहू, गगन गुप्ता, टिकेश्वर चेलक, अमित शर्मा, कमलेश बोहरपी, ज्ञानेंद्र, सुमन यादव, देवेंद्र प्रताप, सुमित सोनी, कुंदन, आशीष शुक्ला, आशीष दुबे, मधुरेश श्रीवास्तव, संजय न नारवानी, जितेंद्र द्विवेदी, अभिषेक साहू, दुर्गेश साहू, पूर्णानंद साहू आदि शामिल हुए।

जाँजगीर मार्केट
प्रो. विद्याशंकर सिंघानिया
विद्या इलेक्ट्रिकल्स
सभी कम्पनियों के बिजली सामनों के थोक एवं चिल्हर विक्रेता।
न्यू चांपा रोड, नेताजी चौक जांजगीर
जिला-जांजगीर-चांपा (छ.ग.)
9926744810

35 छात्र एक साथ कर सकते हैं वर्किंग मॉडल का प्रैक्टिकल

साडा गर्ल्स स्कूल में संचालित है मिनी साइंस लैब

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शहर के साडा कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल में ही मिनी साइंस लैब संचालित हो रहा है। वर्ष 2021 में शहर के और बड़े शासकीय स्कूलों में मिनी साइंस लैब की स्थापना को लेकर प्रयास किया गया। लेकिन अन्य स्कूलों में तकनीकी कारणों की वजह से मिनी साइंस लैब स्थापित नहीं हो सकी है।

मिनी साइंस लैब की स्थापना के लिए उन स्कूलों का चयन किया गया था जहां एक ही परिसर में मिडिल और हायर सेकेंडरी स्कूल संचालित हैं। ताकि 9-10वीं के कक्षा के छात्रों 8वीं कक्षा के छात्रों को भी मिनी साइंस लैब के माध्यम से साइंस सब्जेक्ट की पढ़ाई करायी जा सके। इनमें शहर के साडा कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल के साथ रामपुर पीडब्ल्यूडी स्कूल, एनसीडीसी हायर सेकेंडरी स्कूल एवं कोरबा टाउन हायर सेकेंडरी स्कूल शामिल हैं। जहां मिडिल व हायर सेकेंडरी स्कूल एक ही परिसर में संचालित हैं।

मिनी साइंस लैब।

स्कूल के शिक्षक ही पढ़ाते हैं

मिनी साइंस लैब की स्थापना को 4 वर्ष हो चुके हैं। इसे मिडिल स्कूल के छात्रों को प्रमुखता से जोड़ा गया है। साइंस के सभी प्रेक्टिकल को वर्किंग मॉडल के माध्यम से छात्रों को समझाया जाता है। स्कूल के शिक्षक ही छात्रों को वर्किंग मॉडल के माध्यम से पढ़ाते हैं।

-रणधीर सिंह, प्राचार्य, साडा कन्या स्कूल

BHASKAR EYE CARE
हम रखते हैं आपकी आँखों का ख्याल
भास्कर आई केयर
कालामोतिया नजर चुराता है और दर्द भी नही होता!
डॉ. दिलीप लालवानी
नेत्र रोग विशेषज्ञ
फेको सर्जन एवं ग्लूकोमा विशेषज्ञ
MOORFIELDS EYE HOSPITAL, LONDON
ARAVIND EYE HOSPITAL, COIMBATORE
प्रदेश के प्रसिद्ध ग्लूकोमा विशेषज्ञ द्वारा सम्पूर्ण कालामोतिया जांच एवं उपचार
लेजर एवं बिना टांकों की ग्लूकोमा MIGS सर्जरी • आंखों की सूखती नस का इलाज
EYE PRESSURE (IOP) • GONIOSCOPY • OCT & FIELD TEST
निरंकारी सत्संग भवन के पास, हिंद स्पोर्ट्स फुटबॉल ग्राउंड के पास, ईदगाह भाठा, रायपुर (छ.ग.) 07714024989 | 9329124989
AdPRAYAS

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर
9827144197, 9827144777
मूत्र रोग एवं सर्जरी
किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज
प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज
यौन संबंधी समस्याएं
महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
DR. ABHISHEK GAWRI
MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology)
Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध

तापमान

अधिकतम 32.0 डिग्री

न्यूनतम 26. 0 डिग्री

केसरवानी महिला समिति ने मनाया भगवान कृष्ण जन्मोत्सव

खबर संक्षेप

भीमा तालाब में चला सफाई अभियान, कचरों को हटाया गया

जांजगीर-चांपा। नगर पालिका परिषद जांजगीर-नैला द्वारा नगर के भीमा तालाब में विशेष स्वच्छता अभियान चलाकर तालाब एवं आसपास के क्षेत्र की साफ-सफाई कराई गई। अभियान के दौरान तालाब के घाट, जलभराव वाले स्थानों तथा किनारे पर जमा कचरा, जलकुंभी, गंदगी एवं अन्य अपशिष्ट पदार्थों को हटाया गया। तालाब के ऐसे स्थानों पर विशेष रूप से सफाई कराई गई, जहां लंबे समय से गंदगी जमा होने के कारण दुर्गंध की स्थिति उत्पन्न हो रही थी। सफाई कर्मचारियों द्वारा आवश्यक उपकरणों की सहायता से गंदगी एवं कचरे को बाहर निकालकर उसका उचित निपटान किया गया। नगर पालिका द्वारा तालाब की स्वच्छता एवं पर्यावरणीय स्थिति को बेहतर बनाए रखने के लिए नियमित सफाई पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। तालाब के आसपास स्वच्छता बनाए रखने तथा दुर्गंध एवं गंदगी की समस्या को रोकने के लिए आवश्यक कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

नैला में 13 से भागवत कथा का आयोजन, गोविंद सुनाएंगे कथा

जांजगीर-चांपा। बसईवाल परिवार की ओर से पितृ मोक्षार्थ श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन 13 से 20 सितंबर तक भारत राइस मिल परिसरनैला-जांजगीर में किया जाएगा। कथा प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से प्रारंभ होगी। कथा वाचन के लिए परम पूज्य गोस्वामी गोविंद बाबा व्यास पीठ पर विराजमान होंगे। परिवार की ओर से क्षेत्र के श्रद्धालुओं और धर्मप्रेमी नागरिकों को भी आयोजन में शामिल होने का आमंत्रण दिया गया है। कथा का आयोजन 13 सितंबर से प्रारंभ होकर 20 सितंबर तक चलेगा। बसईवाल परिवार की ओर से श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में कथा स्थल पर पहुंचकर श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण करने का आग्रह किया है।

मिनीमाता सम्मान, वीरांगना रानी के लिए आवेदन 25 तक

जांजगीर-चांपा। छत्तीसगढ़ राज्य द्वारा राज्य अलंकरण सम्मान समारोह में महिलाओं विशेष रूप से अनुसूचित जाति, जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग या अल्पसंख्यक वर्ग की महिलाओं के उत्थान हेतु उत्कृष्ट कार्य करने वाली राज्य की महिलाओं अशासकीय संस्थाओं के योगदान को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से मिनीमाता सम्मान महिला उत्थान, वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी स्मृति पुरस्कार एवं माता बहादुर कलारिन सम्मान वर्ष के लिए आवेदन आमंत्रित किया गया है। सम्मान से संबंधित विस्तृत दिशा-निर्देश एवं फार्म का प्रारूप कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास में कार्यालयीन समय में प्राप्त कर 25 सितम्बर तक कार्यालय में जमा कर सकते है।

भाजपा आईटी सेल के आशुतोष बने जिला सहसंयोजक

चांपा। भारतीय जनता पार्टी ने

संगठनात्मक विस्तार करते हुए आशुतोष सोनी को जिला आईटी सेल का सहसंयोजक नियुक्त किया है। यह नियुक्ति भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव सिंह, आईटी सेल प्रदेश संयोजक सुनील पिल्लई, भाजपा जिला अध्यक्ष अंबेश जांगड़े एवं आईटी सेल जिला संयोजक अनिल शर्मा की अनुशंसा पर की गई है। आशुतोष सोनी छात्र जीवन से ही संगठनात्मक एवं राजनीतिक गतिविधियों में सक्रिय रहे हैं। उनके राजनीतिक सफर की शुरुआत अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से हुई, जहां उन्होंने नगर से लेकर प्रदेश स्तर तक विभिन्न महत्वपूर्ण दायित्वों का निर्वहन किया है। जिम्मेदारी मिलने पर ने पार्टी नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे संगठन के विश्वास पर खरा उतरने की बात कही है।

निजी कंपनी में छोटी-मोटी नौकरी पाने रूचि नहीं

दो सौ पदों पर नौकरी देने लगा रोजगार मेला, ले-देकर पहुंचे आधे अभ्यर्थी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिले में पढे- लिखे बेरोजगारों का आंकडा जहां 1 लाख के करीब पहुंचने को है वहीं उन्हें निजी कंपनी में नौकरी दिलाने बेरोजगार मेला से उनका मोह भंग होने लगा है। दरअसल प्राइवेट कंपनी में दूर दराज जाकर छोटी मोटी नौकरी करना जिले के युवाओं को रास नहीं आ रहा है। यही वजह है कि शासन प्रशासन द्वारा आयोजित रोजगार मेला में आवेदकों की भीड़ अत्यंत कम होने लगी है। इस बार जिला मुख्यालय में आयोजित मेला में 2 सौ पदों पर भर्ती होनी थी, जहां ले देकर आधे आवेदक ही पहुंचे। इनमें से 42 युवा का चयन हुआ।

गौरतलब है कि जिले के बेरोजगार युवाओं को निजी संस्थानों में नौकरी देने के उद्देश्य से रोजगार मेले का आयोजन हर महीने किया जाता है इसी कड़ी में गुरुवार 10 सितंबर को जिला रोजगार कार्यालय जांजगीर में सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक रोजगार मेला आयोजित किया गया इसमें निजी कंपनियों के

रोजगार मेला में आवेदन करने पहुंचे गिनती के बेरोजगार।

निवेशक मौजूद रहे करियर ट्री चेन्नई द्वारा ट्रेनिंग के 150 पद पद, चैतन्य फाइनेंस इंडिया लिमिटेड रायगढ़ के एग्जीक्यूटिव के 20 पद, भारतीय जीवन बीमा निगम जांजगीर नैला में बीमा सखी के 20 पद एवं अन्य 10 पदों को मिलकर टोटल 200 पदों के लिए रोजगार मेला आयोजित किया गया इस रोजगार मेला में 200 पदों के लिए वैकेंसी निकल गई थी। वहीं इसमें नौकरी पाने को लेकर महज 105 बेरोजगार युवा ही पहुंच सके जिन में से 42 युवाओं का ही चयन निजी कंपनी में नौकरी को लेकर हो सका है। देखा जाए तो लगभग हर महीने रोजगार मेला का आयोजन जिला एवं ब्लॉक स्तर पर हो रहा है उसे हिसाब से पंजीकृत बेरोजगार युवा नौकरी करने को लेकर गंभीर नहीं है जिसके कारण रोजगार मेला से युवाओं का मोह भंग होता चला जा रहा है। निजी संस्थानों में नौकरी को लेकर शैक्षणिक योग्यता दसवीं बारहवीं डिप्लोमा इंजीनियरिंग बीई निर्धारित किया गया था। निजी कंपनियों के द्वारा इसमें वेतन 12 हजार से लेकर 29 हजार तक निर्धारित किया गया था। वही इन निजी संस्थाओं का कार्य क्षेत्र जांजगीर, शक्ति, चेन्नई एवं डभरा निर्धारित किया गया था।

करते हैं प्रेरित

बेरोजगार युवाओं को रोजगार देने के उद्देश्य से रोजगार मेला का आयोजन किया जाता है। ज्यादा से ज्यादा युवाओं को रोजगार मिले, इसके लिए उन्हें प्रेरित भी करते हैं।

-मालिकराम जायसवाल,
जिला रोजगार अधिकारी
जांजगीर चांपा

ट्रैक्टर में युवती ने की रीलबाजी, सात हजार जुर्माना के साथ देना पड़ा माफीनामा

गरबा का प्रचार करने ट्रैफिक नियमों के उल्लंघन पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिला मुख्यालय में आयोजित होने वाले गरबा कार्यक्रम के प्रचार प्रसार को लेकर ट्रैक्टर में बैठकर बीच शहर में रीलबाजी करना युवती को महंगा पड़ गया। मामले में यातायात नियमों का उल्लंघन करने के कारण पुलिस ने जहां ट्रैक्टर मालिक पर 7 हजार रुपए का जुर्माना ठोक दिया। वहीं युवती को माफीनामा देना पड़ा।

चलते हुए ट्रैक्टर की ट्राली पर युवती का वीडियो दूसरे दिन भी तेजी से वायरल होता रहा। बताया जाता है कि यह वीडियो जिला मुख्यालय जांजगीर में ही बनाया गया, जिसमें शहर से गुजर रहे नीले रंग की एक ट्रैक्टर की ट्राली पर कुर्सी पर बैठकर एक युवती द्वारा रील बनाया जा रहा था। इसमें वह जिला मुख्यालय जांजगीर के आगामी दिनों में होने वाले गरबा कार्यक्रम का प्रचार प्रसार करते हुए दिखाई दे रही है। इधर इस वीडियो के सोशल मीडिया पर वायरल होते ही पुलिस का अमला हरकत में आया। इस मामले में पुलिस ने यातायात नियमों के उल्लंघन पर ट्रैक्टर मालिक पर 7 हजार रुपए का जुर्माना किया, तो वहीं दूसरे दिन गुरूवार 10 सितंबर को रील बनाने वाली युवती को थाने में बुलाकर ना केवल माफीनामा लिया गया बल्कि इसका वीडियो भी बनवाया गया। बताया जाता है कि इसके बाद ट्रैक्टर पर रीलबाजी वाले वीडियो के साथ माफीनामा का वीडियो भी तेजी से वायरल होने लगा है।

वायरल वीडियो में युवती।

जिले में गणेश उत्सव को लेकर चल रही तैयारी

जांजगीर-चांपा। जिले में गणेश उत्सव को लेकर जगह-जगह तैयारी चल रही है। इस दौरान गणेश चतुर्थी से लेकर अनंत चतुर्दशी तक जांजगीर चांपा, अकलतरा, शिवरीनारायण, बलौदा नवागढ़ पामगढ़ समेत अन्य जगहों पर गणेश की प्रतिमा स्थापित करते है। इस बीच प्रतिदिन भगवान गणेश की पूजा अर्चना पूरे विधि विधान के साथ की जाती है इस दौरान रात के समय भजन कीर्तन रोज चलता है। जिसके कारण इस पर्व को लेकर युवाओं सहित बच्चों में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। वही युवा गणेश उत्सव को लेकर तैयारी में लगे हुए हैं। इस बीच 10 दिनों तक पूरे विधि विधान के साथ भगवान गणेश की आराधना की जाएगी। जिसे लेकर बच्चों व युवाओं में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है।

सूने मकान का ताला तोड़कर नकदी बर्तन की चोरी, एक गिरफ्तार

जब्त सामान के साथ पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

सूने मकान का ताला तोड़कर नगदी व बर्तन चोरी करने के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। मामला बलौदा थाना क्षेत्र का है।

खास बात
- बलौदा थाना क्षेत्र ग्राम हरदी महामाया की घटना

इस संबंध में बलौदा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार हरदी महामाया निवासी प्रार्थी अनिल ने 9 सितंबर को रिपोर्ट दर्ज कराया था कि वह दोपहर करीब 2 बजे अपने घर का दरवाजा बंद कर तालाब में नहाने गया था। वापस लौटने पर देखा कि घर के रसोई में रखे सिल्वर के गंज, कढ़ाई, लोहे की कढ़ाई सहित आलमारी में रखी 32 सौ नगदी रकम गायब थी। जिसकी सूचना रिपोर्ट पर धारा 331(3), 305(ए) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। मुखबिर सूचना पर संदेही तक पहुंची पुलिस थाना बलौदा पुलिस की आरोपी की पातासाजी के दौरान मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम जर्वे हरदी निवासी रामू वर्मा घटना के समय प्रार्थी के घर के आसपास घूमता देखा गया था। संदेह के आधार पर पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर सूने मकान में घुसकर रसोई में रखे गंज, लोहे की कढ़ाई, थाली, कटोरी, चम्मच सहित आलमारी में रखी नगदी चोरी करना स्वीकार किया। आरोपी ने नगदी रकम खर्च करना तथा चोरी किए गए बर्तनों को अपने घर में बिस्तर के नीचे छिपाकर रखना बताया। आरोपी की निशानदेही पर चोरी किए गए बर्तन बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। उपरोक्त कार्यवाही मे निरीक्षक मनोहर सिन्हा, प्रधान आरक्षक गजाधर पाटनवार, आरक्षक रज्जू रात्रे संतोष रात्रे, संदीप सोनंत, प्रहलाद निर्मलकर एवं थाना स्टाफ का योगदान रहा।

डॉक्टर प्रियंका को मिली डॉक्टरेट की उपाधि

बिर्रा। ग्राम बिर्रा के शुक्ला इंटरनेशनल स्कूल के संचालक डॉक्टर श्रीमती प्रियंका शुक्ला को गुरु घासीदास विश्वविद्यालय बिलासपुर के द्वारा वाणिज्य विषय में शोध कार्य करने के लिए डॉक्टरेट की मानक उपाधि प्रदान की गई है। डॉक्टर श्रीमती प्रियंका शुक्ला ने अपनी सफलता का श्रेय डॉक्टर अनूप कुमार राय एवं अपने माता-पिता व पति साकेत शुक्ला और ससुर डॉक्टर ईश्वर प्रसाद शुक्ला को दी है।

महज 3 अधिकारी कर्मचारियों के भरोसे संचालित हो रहा जिले का नापतौल विभाग

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिले का नापतौल विभाग महज तीन कर्मचारियों के भरोसे संचालित हो रहा है। इन कर्मचारियों को ऑफिस के साथ-साथ फील्ड का काम है देखना रहता है। ऐसे में उनकी दिक्कतें और भी बढ़ जाती है। अधिकारी पर जांजगीर के साथ सक्ती जिले का भी प्रभार है।

- ऑफिस के साथ फील्ड का काम भी होता है प्रभावित

गौरतलब है कि जिला मुख्यालय जांजगीर के खोखरा मार्ग पर नापतौल विभाग का संचालन किया जा रहा है। जांजगीर के साथ-साथ सक्ती जिले की जवाब देही भी इन अधिकारी कर्मचारियों पर है। वहीं विभाग का कामकाज महज तीन कर्मचारियों के भरोसे संचालित हो रहा है जांजगीर चांपा जिले में नापतोल विभाग से संबंधित किराना दुकान पेट्रोल पंप समेत कई अन्य कामकाज की इनके अंतर्गत में आते हैं। ऐसे संस्थानों की संख्या दोनों जिलों को मिलाकर करीब 5 हजार है। इनमें दुकानों में पहुंचकर हर साल तराजू बाट का सत्यापन के अलावा पेट्रोल पंप की जांच भी इन अधिकारी एवं कर्मचारियों को करनी रहती है, लेकिन स्टाफ की समस्या के कारण नियमित तौर पर दुकानों की जांच एवं पेट्रोल पंप की जांच भी नहीं हो पाती। जिसके कारण विभाग का कामकाज पूरी तरह से प्रभावित हो रही है। रहने को तो यहां नापतौल निरीक्षक एक क्लर्क एवं एक फील्ड कर्मचारी है। यहां जरूरत के अनुसार 7 से 10 का स्टाफ होना चाहिए लेकिन इस तरह की व्यवस्था नहीं बन पा रही है किराना दुकान के साथ-साथ बड़े पैमाने पर हर साल पेट्रोल पंप भी खुल रहे हैं लेकिन इन संस्थाओं की जांच स्टाफ की समस्या के कारण प्रभावित होती है। इसे लेकर जिम्मेदार अफसर को कोई सरोकार भी नहीं है। नियमानुसार किराना दुकान संचालित करने वाले दुकान संचालकों को हर साल अपने तराजू बाट का सत्यापन कराया जाना जरूरी रहता है ताकि बाद में किसी तरह की परेशानी ना हो।

दी गई जानकारी

नापतौल विभाग में स्टाफ की कमी है। इस बात की जानकारी विभाग के उच्च अधिकारियों को दी जा चुकी है। दुकानों में जाकर तराजू बाट का सत्यापन भी करवाते हैं। वही सत्यापन नहीं होने पर जुर्माना भी लगाया जाता है।

-नीलूसा मिश्रा
निरीक्षक, नापतौल विभाग जांजगीर

मनरेगा में आठ माह से राशि भुगतान नहीं, पंचायत प्रतिनिधि हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ डभरा

डभरा ब्लाक अंतर्गत 90 से अधिक ग्राम पंचायत आते है। ज्यादातर पंचायतों में 8 महीने से मनरेगा से संबंधित मटेरियल राशि लगभग 6 करोड़ का भुगतान नहीं हो पाया है। जिसके चलते सरपंचों को आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

डभरा जनपद पंचायत डभरा क्षेत्र में सरपंचों के सामने आर्थिक संकट गहराता जा रहा है। बताया जा रहा है कि पिछले करीब आठ माह से मनरेगा से संबंधित मटेरियल की राशि का भुगतान नहीं हुआ है, जिसके चलते पंचायत प्रतिनिधियों को आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सरपंचों का कहना है कि एक ओर मनरेगा की राशि का भुगतान लंबे समय से लंबित है, वहीं दूसरी ओर मनरेगा को बंद कर वी जी राम जी प्रारंभ किया गया है जिसमें विकास कार्यों की स्वीकृति नहीं मिलने से पंचायतों में नए काम भी आगे नहीं बढ़ पा रहे हैं। ऐसे में पंचायतों के संचालन और विभिन्न आवश्यक खर्चों को लेकर सरपंचों के सामने मुश्किलें खड़ी हो गई हैं। उन्होंने बताया कि मनरेगा में पदार्थ की राशि का पूरे जनपद पंचायत में तकरीबन 6 करोड़ से अधिक का भुगतान बाकी है। सरपंचों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि लंबित मनरेगा राशि का शीघ्र भुगतान किया जाए और पंचायतों में विकास कार्यों को स्वीकृति प्रदान की जाए, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार एवं विकास कार्य दोबारा गति पकड़ सके।

खास बात
- डभरा ब्लाक अंतर्गत आते है 90 से अधिक ग्राम पंचायत, सरपंचों ने राशि दिलाने की मांग

किया जाएगा भुगतान

राज्य से नरेगा मटेरियल लॉगिन खुलने पर एफटीओ बनाकर भुगतान की कार्यवाही की जाएगी।

-सत्येंद्र पटेल,
कार्यक्रम अधिकारी
जनपद पंचायत डभरा

कानूनी अधिकार एवं सुरक्षा तंत्र को लेकर दी गई जानकारी

बिटिया वर्क अभियान : छात्राओं ने जाना सरकारी दफ्तरों का कामकाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत बिटिया वर्क अभियान का आयोजन किया गया। इस दौरान स्कूली छात्राओं को शैक्षणिक भ्रमण के साथ साथ प्रशासनिक कामकाज को भी देखने को मौका मिला।

गौरतलब है कि जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती अनिता अग्रवाल ने बताया कि कार्यक्रम के तहत शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला (गट्टानी) एवं स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय की कक्षा 11वीं एवं 12वीं की 40 बालिकाओं को गुरूवार 10 सितंबर को शासकीय कार्यालयों का एक्सपोजर विजिट (भ्रमण) कराया गया। इस शैक्षणिक एवं प्रशासनिक भ्रमण का मुख्य उद्देश्य बालिकाओं में आत्मविश्वास का संचार करना, उनमें नेतृत्व क्षमता का विकास करना तथा शासकीय कार्यालयों की कार्यप्रणाली, प्रशासनिक व्यवस्था और जनसेवा की प्रक्रियाओं से प्रत्यक्ष रूप से अवगत कराना था। भ्रमण के दौरान अपर कलेक्टर श्रीमती स्निग्धा तिवारी द्वारा कलेक्टोरेट कार्यालय में किए जाने वाले कार्य एवं व्यवस्थाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। कार्यालय के समस्त शाखाओं का प्रशासनिक कार्यप्रणाली की जानकारी प्रदान की गई। साथ ही पुलिस अधीक्षक कार्यालय का भी अवलोकन कराया गया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक युलैंडन यार्क द्वारा पुलिस विभाग की जानकारी देते हुए बच्चों को आगे बढ़ने हेतु प्रेरित किया गया, बच्चों को पुलिस अधीक्षक कार्यालय अंतर्गत सभी शाखाओं का भ्रमण कराते हुए कानून-व्यवस्था के संचालन के संबंध में जानकारी से अवगत कराया गया। बालिकाओं को महिला थाना एवं परिवार परामर्श केन्द्र जांजगीर का भ्रमण कराया गया। सखी वन स्टॉप सेंटर, नवाबिहान के भ्रमण के दौरान हिंसा से पीड़ित, प्रताड़ित एवं संकटग्रस्त महिलाओं एवं बालिकाओं को एक ही छत के नीचे एकीकृत रूप से प्रदान की जाने वाली सुविधाओं एवं सहायताओं, 181 महिला हेल्पलाईन की विस्तृत जानकारी दी गई। किशोर न्याय बोर्ड न्यायालय के प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट/अध्यक्ष श्री सिद्धार्थ आनंद सोनी द्वारा 18 वर्ष से कम के कानून के दायरे में आने वाले बच्चों हेतु सुनवाई की विधि सम्मत कार्यवाही व्यवस्था की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। बाल कल्याण समिति अंतर्गत 0 से 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों के संरक्षण एवं देखरेख की विस्तृत जानकारी दिया गया। जिला बाल संरक्षण अधिकारी शगजेन्द्र सिंह जायसवाल द्वारा जिला बाल संरक्षण इकाई अंतर्गत मिशन वात्सल्य योजना के तहत संकटग्रस्त बच्चों को दी जाने वाली सहायता एवं बाल संरक्षण तंत्र की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

पाइप लाइन बिछाने के लिए खोदे गए गड्ढे, लोग परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जल जीवन मिशन के तहत घर-घर पेयजल पहुंचाने के लिए पाइपलाइन बिछाने का काम किया जा रहा है। इसी क्रम में कई स्थानों पर सड़क और गलियों की खुदाई की गई है। पाइपलाइन बिछाने के बाद खुदाई वाले स्थानों को समतल नहीं किए जाने से लोगों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

ज्ञात हो कि जिला मुख्यालय के वार्ड क्रमांक 6 में जल जीवन मिशन के तहत पाइप बिछाने का काम चल रहा है। जिसके लिए सड़क को काटकर गड्ढे खोद दिग गए है। जिससे दुर्घटना की आशंका भी बनी हुई है।स्थानीय लोगों के अनुसार पाइपलाइन बिछाने के लिए सड़क की खुदाई तो कर दी गई, लेकिन काम पूरा होने के बाद गड्ढों को व्यवस्थित तरीके से भरने और सड़क की मरम्मत पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

खबर संक्षेप

जन्माष्टमी पर विविधि प्रतियोगिता का आयोजन, विजेताओं को किया पुरस्कृत

खरौद। छत्तीसगढ़ रतपुरीहा कन्नौजिया यादव समाज खरौद में यादव भवन श्रीकृष्ण जन्माष्टमी मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रांतीय अध्यक्ष संदीप यादव एवं विशिष्ट अतिथि अरूण यादव कोषाध्यक्ष, राम लाल यादव, रेशम लाल यादव, महेश्वर यादव नगर पंचायत उपाध्यक्ष, नीलम यादव, पार्षद श्रीमती रीका यादव पार्षद थे। उदबोधन के बाद भजन कार्य, मटका प्रतियोगिता एवं कृष्ण राधा झांकी प्रतियोगिता रखा गया। प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय तृतीय को पुरस्कार दिया गया। महोत्सव कार्यक्रम को संचालन अभिषेक यादव, विकास यादव, अशोक यादव पार्षद, मनोरंजन यादव एवं मातृशक्ति का योगदान रहा। कार्यक्रम संचालन सचिव मनहरण यादव ने किया

भाजपा सोशल मीडिया विभाग में जिला कार्यकारिणी सदस्य की जिम्मेदारी मिली सचि को

शिवरीनारायण। नगर के युवा कार्यकर्ता सचि तिवारी (बाबू) को भारतीय जनता पार्टी के सोशल मीडिया विभाग में जिला कार्यकारिणी सदस्य मनोनीत किया गया है। उनकी नियुक्ति से नगर एवं क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ताओं में हर्ष का माहौल है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव के निर्देशन एवं प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय के मार्गदर्शन में प्रदेश संयोजक सोशल मीडिया मिटुल कोठारी तथा भाजपा जिला अध्यक्ष अंबेश जांगड़े की अनुशंसा पर भाजपा जिला संयोजक, पुष्पेंद्र निर्मलकर द्वारा सचि तिवारी को जिला कार्य समिति सदस्य की जिम्मेदारी सौंपी गई है। सचि तिवारी पूर्व में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के नगर मंत्री एवं उपाध्यक्ष के दायित्व का निर्वहन कर चुके हैं। लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव के दौरान उन्होंने सोशल मीडिया के क्षेत्र में विधानसभा पामगढ़ के सह-संयोजक के रूप में भी अपनी जिम्मेदारी निभाई है।

श्री ऋषभ विद्योदय महाविद्यालय में दीक्षा आरंभ एवं हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन आज

अकलतरा। श्री ऋषभ शिक्षण समिति बनाहिल द्वारा संचालित श्री ऋषभ विद्योदय महाविद्यालय बनाहिल एवं श्री ऋषभ औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बनाहिल के संयुक्त तत्वावधान में नव प्रवेशित छात्र छात्राओं के लिए दीक्षारंभ समारोह एवं हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन 11 सितंबर को शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय रायगढ़ के कुलपति प्रो विनय चौहान के मुख्य आतिथ्य एवं टीसीएल स्नातकोत्तर महाविद्यालय जांजगीर प्राचार्य डॉ डी आर लहरे, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान क्षेत्रीय कार्यालय बिलासपुर के संयुक्त संचालक ए के सोनी एवं अकलतरा एसडीएम सुमित बघेल के विशिष्ट आतिथ्य में होगा। महाविद्यालय प्रबंधन ने बताया कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य नव प्रवेशित विद्यार्थियों को महाविद्यालय के शैक्षणिक वातावरण अनुशासन और संस्कारों से परिचित कराना है ताकि उनके महाविद्यालयीन जीवन की शुरुआत यादगार और प्रेरणादायक बन सके। छात्रों को उच्च शिक्षा और कौशल विकास के महत्व के बारे में विस्तार से मार्गदर्शन दिया जाएगा। दीक्षारंभ समारोह के पश्चात छात्र छात्राओं के मनोरंजन हेतु हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। हास्य कवि बंशीधर मिश्रा युवा कवि एकाग्र शर्मा, कवयित्री सोनल जैन,मयंक शर्मा एवं हीरामणि वैष्णव अपनी काव्य प्रस्तुतियों से सभी को मंत्रमुग्ध करेंगे।

निधन

श्रीमती सुमित्रा देवी जायसवाल

चांपा। ग्राम सिवनी (चांपा) के प्रतिष्ठित नागरिक पूर्व सरपंच कुशल जायसवाल की मां श्री मति सुमित्रा देवी जायसवाल का 8 सितंबर को 78 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार ग्राम के स्थानीय मुक्तिधाम किया गया। मुखाग्नि ज्येष्ठ पुत्र कुशल जायसवाल ने दी। वे अपने पीछे चार पुत्रों व एक पुत्री सहित नाती पोतों से भरा पुरा परिवार छोड़ गई है। उनके अंतिम संस्कार में परिजनों सहित ग्राम के गणमान्य नागरिक शामिल हुए।

121 करोड़ के विकास कार्यो का होगा भूमिपूजन व लोकार्पण

शिव व विष्णु का सक्ती आगमन आज, पीएम आवास हितग्राहियों को मिलेगी चाबी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

कार्यक्रम के लिए तैयार पंडाल

भारत सरकार के केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान एवं छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का शुक्रवार 11 सितंबर को सक्ती आगमन हो रहा है। वे यहां आयोजित समारोह में प्रदेश के पीएम आवास हितग्राहियों को खुशियों की चाबी सौंपेंगे। इसके साथ ही 121 करोड़ के विकास कार्यो का लोकार्पण एवं भूमिपूजन करेंगे। साथ ही पंचायत पदाधिकारी एवं लखपति दीदी सम्मेलन में शामिल होंगे। कार्यक्रम में प्रदेश शासन के मंत्रीगण भी शामिल होंगे।

कार्यक्रम स्थल कॉलेज ग्राउंड जेठा में अतिथियों एवं आम नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए व्यापक व्यवस्थाएं की गई हैं। कार्यक्रम स्थल के समीप दो हेलीपेड तैयार किए गए हैं, जहां से विशिष्ट अतिथियों का आगमन होगा। इसके साथ ही विभिन्न विभागों एवं योजनाओं से संबंधित उपलब्धियों एवं गतिविधियों को प्रदर्शित करने के लिए प्रदर्शनी के स्टॉल लगाए जाएंगे। अतिथियों के स्वागत एवं कार्यक्रम स्थल तक आवागमन के लिए सुव्यवस्थित पाथ वे एवं कारकेट निर्धारित किया गया है। कार्यक्रम स्थल पर वीआईपी स्टेज तथा मुख्य वीवीआईपी स्टेज का निर्माण किया गया है। मुख्य मंच के समीप अतिथियों एवं गणमान्यजनों के लिए ग्रीन रूम एवं पैंट्री की व्यवस्था की गई है। वहीं विभिन्न श्रेणियों के आमंत्रितों के लिए निर्धारित बैठक व्यवस्था के अंतर्गत सेक्टर-1 से सेक्टर-18 तक अलग-अलग बैठक क्षेत्र बनाए गए हैं, जिससे अतिथियों, जनप्रतिनिधियों, हितग्राहियों, मीडिया प्रतिनिधियों एवं आम नागरिकों के बैठने की व्यवस्था व्यवस्थित रूप से सुनिश्चित की जा सके। कार्यक्रम स्थल पर रंगमंच की भी व्यवस्था की गई है।

जांजगीर चांपा जिले के साढ़े 8 हजार हितग्राहियों को मिलेगा आवास

जांजगीर-चांपा। केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान के मुख्य आतिथ्य में 11 सितंबर को सक्ती जिले के ग्राम जेठा में आयोजित कार्यक्रम में पीएम आवास ग्रामीण के हितग्राहियों को 'खुशियों की चाबी' सौंपी जाएगी। इस दौरान जांजगीर चांपा जिले के साढ़े 8 हजार से अधिक हितग्राहियों को आवास की सौगात मिलेगी। जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के तहत आवास निर्माण में लगातार प्रगति हुई है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में 3,444 तथा वित्तीय वर्ष 2025-26 में 5,102 आवास पूर्ण किए गए हैं। इस प्रकार दोनों वित्तीय वर्षों में जिले में कुल 8546 प्रधानमंत्री आवास पूर्ण हो चुके हैं। कलेक्टर जन्मेजय महोबे के निर्देशन एवं जिला पंचायत सीईओ विनय कुमार पोयाम के मार्गदर्शन में गृह प्रवेश को लेकर आवश्यक तैयारियां पूरी करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए हैं। जिले में जनपद पंचायतवार भी पीएम आवास पूर्ण होने की उल्लेखनीय प्रगति हुई है। अकलतरा जनपद पंचायत में 1,634, बलौदा में 1,224, बम्हनीडीह में 1,043, नवागढ़ में 2,325 तथा पामगढ़ जनपद पंचायत में 2,320 आवास पूर्ण किए गए हैं। इस प्रकार दोनों वित्तीय वर्षों में जिले में कुल 8546 प्रधानमंत्री आवास पूर्ण हुए हैं।

कार्यस्थल पर महिलाओं की यौन उत्पीड़न से सुरक्षा प्रदान करना ही मुख्य उद्देश्य

तालुका द्वारा बोरदा में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

महिलाओं को जानकारी देती न्यायाधीश।

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश व अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जांजगीर-चांपा के कुशल मार्गदर्शन में कार्यालय तालुका विधिक सेवा समिति, सक्ती के तत्वावधान में 9 सितंबर को ग्राम पंचायत बोरदा के सामुदायिक भवन में यौन उत्पीड़न रोकथाम, निषेध और निवारण अधिनियम, 2013 विषय पर एक विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर की मुख्य वक्ता सुश्री शुभदा गोयल, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट रहीं।

सुश्री शुभदा गोयल, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने अपने संबोधन में बताया कि यह अधिनियम कार्यस्थल पर महिलाओं को यौन उत्पीड़न से सुरक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से बनाया गया है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक संस्थान में आंतरिक शिकायत समिति का गठन अनिवार्य है, जहां पीड़ित महिला अपनी शिकायत दर्ज करा सकती है अधिनियम के प्रमुख प्रावधानों पर प्रकाश डाला। शिकायत दर्ज कराने की समय-सीमा घटना के 3 माह के भीतर शिकायत की गोपनीयता बनाए रखने का प्रावधान झूठी शिकायत पर भी कार्रवाई का प्रावधान, कु. अंकिता देवदास, न्यायिक मजिस्ट्रेट सक्ती ने बताया नियोक्ता के दायित्व और अनुपालन न करने पर दंड का प्रावधान उपस्थित प्रतिभागियों को यह भी बताया गया कि पीड़िता किस प्रकार निःशुल्क विधिक सहायता प्राप्त कर सकती है और शिकायत निवारण प्रक्रिया किस प्रकार कार्य करती है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक संस्थान में आंतरिक शिकायत समिति का गठन अनिवार्य है, जहां पीड़ित महिला अपनी शिकायत दर्ज करा सकती है अधिनियम के प्रमुख प्रावधानों पर प्रकाश डाला गया। इस शिविर में महिला बड़ी संख्या में उपस्थित रहीं एवं पैरालीगल वॉलिंटियर्स मनीष साहू, प्रहलाद बंजारे, संतोष कश्यप कार्यक्रम में उपस्थित रहे। तालुका विधिक सेवा समिति, सक्ती द्वारा आयोजित इस शिविर का उद्देश्य महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना और सुरक्षित कार्यस्थल के निर्माण में सहयोग देना बताया गया। शिकायत दर्ज कराने के 3 माह के भीतर शिकायत की गोपनीयता बनाए रखने का प्रावधान झूठी शिकायत पर भी कार्रवाई का प्रावधान है। न्यायिक मजिस्ट्रेट कु. अंकिता देवदास ने बताया नियोक्ता के दायित्व और अनुपालन न करने पर दंड का प्रावधान है।

खरसिया-डभरा मार्ग के जर्जर पुल की मरम्मत प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ फग्गुरम

सड़क मरम्मत कार्य प्रारंभ।

खरसिया और डभरा के बीच लंबे समय से जर्जर हालत में पड़े पुल की आखिरकार मरम्मत का कार्य शुरू हो गया है। पुल की खराब स्थिति को लेकर पूर्व में समाचार प्रकाशित होने के बाद संबंधित विभाग द्वारा सड़क एवं पुल की स्थिति पर ध्यान दिया गया। अब मौके पर मरम्मत कार्य शुरू होने से क्षेत्रवासियों और राहगीरों में राहत की उम्मीद जगी है।

बताया जाता है कि खरसिया और डभरा के बीच लंबे समय से जर्जर हालत में थी। हरिभूमि में खबर प्रकाशन के बाद आखिरकार पुल की मरम्मत का कार्य शुरू हो गया है। पुल के कई हिस्सों में सड़क की परत उखड़ जाने तथा जगह-जगह गड्ढे होने के कारण वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। पुल से होकर प्रतिदिन बड़ी संख्या में छोटे-बड़े वाहन गुजरते हैं। खराब सड़क के कारण दुर्घटना की आशंका भी बनी रहती थी।जिलाध्यक्ष श्रीमती रश्मि गवेल के निर्देश एवं पहल के बाद सड़क की समस्या को गंभीरता से उठाया गया जिसके बाद अब मरम्मत कार्य प्रारंभ होने से लोगों ने राहत की सांस ली है। क्षेत्रवासियों ने उम्मीद जताई है कि मरम्मत कार्य गुणवत्तापूर्ण तरीके से जल्द पूरा किया जाएगा, ताकि खरसिया-डभरा मार्ग पर आवागमन सुरक्षित और सुगम हो सके। साथ ही लोगों ने संबंधित विभाग से निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर विशेष निगरानी रखने की मांग की है।

शिक्षादूत से सम्मानित शिक्षकों का फेडरेशन ने किया सम्मान

पामगढ़। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण 2026 के अवसर पर विकास खण्ड पामगढ़ से मनमोहन अनंत, उमा वर्मा, नंदनी कश्यप को उत्कृष्ट शैक्षिक योगदान के लिए शिक्षा दूत पुरस्कार से अलंकृत होने पर सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन पामगढ़ के द्वारा साल, बुके, नारियल और पेन भेंट कर सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें शिक्षक के रूप में स्कूल प्रबंधन व शाला विकास, कोरोना काल जैसे महामारी के समय मोहल्ला क्लास, बच्चों में बुनियादी साक्षरता व संख्यात्मक ज्ञान, सहयोगात्मक भावनाओं एवं उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से फेडरेशन पामगढ़ के ब्लॉक अध्यक्ष अजय कुमार मधुकर और पदाधिकारी के रूप में धनसहाय लहरे, रामनारायण कश्यप, यशवंत कश्यप, प्रवचन खूंटे, संजय महिपाल, कुंजल सिंह कंवर, योगेश्वर साहू, दादूराम बघेल, सुखसागर सियतोण्डे, पिताम्बर लहरे आदि उपस्थित रहे।

कार्यशाला के माध्यम से यौन उत्पीड़न की दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बम्हनीडीह

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्रॉधिकरण जांजगीर-चांपा एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्रॉधिकरण के निर्देशानुसार एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट सह अध्यक्ष तालुका विधिक सेवा समिति चांपा के मार्गदर्शन में बम्हनीडीह टीएलसी अज़ीम प्रेमजी फाउंडेशन में कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीडन अधिनियम के संबंध में कार्यशाला का आयोजन किया गया।

ज्ञात हो कि बम्हनीडीह व चांपा सेक्टर के आंगनबाड़ी कार्यकत्ताओं व शिक्षिकाओ को पैरालीगल वालेटिंयर,एवं पर्यवेक्षक द्वारा सम्बोधित कर विशाखा कमेटी गाइडलाइन की जानकारी दिया गया किसी भी कार्य स्थल में शासकीय, अशासकीय स्कूल, निजी, अस्पताल,कारखाने, कम्पनी, दुकान, मॉल, आदि,में महिलाओं के साथ किसी भी प्रकार के यौन उत्पीड़न, शारीरिक, मानसिक, भावनात्मक नहीं होने दिया जायेगा। यदि कोई करता है तो उसे कठोर दण्ड से दंडित किया जाने का प्रावधान है यदि ऐसा लगता हैं कि किसी के साथ कोई गलत हो रहा तो उसे नजर अंदाज नहीं करना है उनकी शिकायत दर्ज कराने के लिए आगे आना होगा। बाल विवाह, बाल श्रम, टोनही प्रताड़ना अधिनियम, घरेलू हिंसा,महिलाओं के अधिकार, निःशुल्क अधिवक्ता, अभिव्यक्ति एप्स,सायबर अपराध,मोटर व्हीकल एक्ट, मध्यस्थता 3.0 से अपने पुराने विवादों का निपटारा 12 सितंबर को आयोजित लोक अदालत में किया जाएगा। वालेटिंयर सहदेव दास महंत, रमेश कुमार दिवाकर,महिला बाल विकास विभाग की पर्यवेक्षक श्रीमती दुर्गेश नंदनी यादव,श्रीमती रजनी साहू, प्रशिक्षक रितविक, निशांत, राहुल उपस्थित रहे।

केसरवानी महिला समिति ने मनाया भगवान कृष्ण जन्मोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

श्रीकृष्ण का जन्मदिन मनाते केशरवानी समाज की महिलाएं।

केसरवानी महिला समिति चांपा की अध्यक्ष श्रीमती शांता महेंद्र गुप्ता एवं सदस्यों ने भगवान श्री कृष्ण जी के मंदिर में जन्माष्टमी के अवसर पर अपने अपने घरों में पूजा करके रात्रि 12 बजे मंदिर में में पूजा अर्चना कर आरती कर नैवेद्य और माखन मिश्री, श्री फल अर्पित कर जन्माष्टमी पर्व मनाया भगवान जन्म के पांचवें दिन श्रीमती शांता गुप्ता के निवास स्थान पर बड़े ही भक्ति भाव और उल्लास के साथ मनाया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ केसरवानी महिला समिति चांपा की अध्यक्ष श्रीमती शांता गुप्ता ने दीप प्रज्वलित कर भगवान श्री कृष्ण की विधिवत पूजा अर्चना कर धूप दीप नैवेद्य अर्पित किया तत्पश्चात सभी सदस्यों ने भगवान श्री कृष्ण की वंदना कर भजन कीर्तन किया और बाल गोपाल को झुला झुलाकर बधाई गीत गाकर हर्षोल्लास के साथ नृत्य कर भगवान बाल गोपाल के षष्ठी कीखुशियां मनाए। इस अवसर पर समिति की अध्यक्ष श्रीमती शांता गुप्ता ने कहा कि श्री कृष्ण जन्माष्टमी हमारे हिन्दू धर्म का एक प्रमुख त्योहार है। श्री कृष्ण का जन्म अत्याचार ,अधर्म और अन्याय का अंत करने और धर्म की स्थापना करने के लिए भाद्रपद मास में अष्टमी तिथि को हुआ था। जिसे जन्माष्टमी के रूप में बहुत ही हर्षोल्लास के साथ मनाते हैं। केसरवानी महिला समिति चांपा द्वारा 16वर्षो से बड़े ही धूमधाम से श्रीकृष्ण जन्माष्टमी मनाते है। षष्ठी उत्सव कार्यक्रम में समिति की अध्यक्ष श्रीमती शांता गुप्ता, सचिव रेखा केसरवानी, कोषाध्यक्ष सुशीला बानी, सरला केसरवानी,प्रीति गुप्ता, चंदा केसरवानी, रत्नप्रभा केसरवानी, तृप्ति केसरवानी दिशा केसरवानी, मंदाकिनी अंजू केसरवानी, केसरवानी, शीला गुप्ता, सुगम गुप्ता,मीनू गुप्ता, विभा केसरवानी, कुमारी बाई केसरवानी, ज्ञानेश्वरी केसरवानी, सुशीला गुप्ता, मधुलिका केसरवानी, कुमारी दिव्या , नव्या, मिल्की, मिष्ठी, नवी के अलावा बड़ी संख्या में समाज की महिलाएं व बच्चे शामिल हुए।

सेवा संकल्प अभियान को बूथ स्तर तक पहुंचाने भाजपा ने आयोजित की कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

भारतीय जनता पार्टी ग्रामीण मंडल अकलतरा द्वारा ग्राम कोटमी सोनार में सेवा संकल्प अभियान को लेकर कार्यशाला एवं बैठक आयोजित की गई।

अतिथि वक्ता कार्तिकेश्वर स्वर्णकार ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक सेवा संकल्प अभियान के तहत विभिन्न सेवा गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। उन्होंने कहा कि अभियान का उद्देश्य केवल कार्यक्रम आयोजित करना नहीं, बल्कि सेवा, जनसंपर्क और संगठन के माध्यम से प्रत्येक बूथ तक पहुंचकर आम नागरिकों से जुड़ना है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि पार्टी द्वारा निर्धारित 13 बिंदुओं पर बूथ स्तर पर योजनाबद्ध तरीके से कार्यक्रम आयोजित कर नागरिकों को सेवा कार्यों से जोड़ा जाए। मंडल प्रभारी विकास शर्मा ने संगठनात्मक विषयों पर कहा कि मजबूत संगठन के लिए मंडल से लेकर बूथ स्तर तक सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के बीच बेहतर समन्वय आवश्यक है। कार्यक्रम का संचालन भाजपा ग्रामीण मंडल अकलतरा के महामंत्री सुबोध थवाईत ने किया तथा आभार प्रदर्शन मंत्री ललित सोनी ने किया। इस अवसर पर राकेश शुक्ला, लखेश्वर पटेल, रवि निर्मलकर, नरसिंह बरगाह, उमेश शुक्ला, दीपक पटेल, रमा मीरी, विजय मिश्रा, ईश्वर बारमते, मंत्री अजय सागर, महावीर निर्मलकर, जगदीश पटेल, रणजीत सिंह, लक्ष्मी श्रीवास उपस्थित थे।

मौखिक व पीपीटी के माध्यम से दिया गया प्रशिक्षण

डोमेन स्किल ट्रेनर रिन्युअल में शामिल हुए जिले के ट्रेनर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहेराडीह

राजधानी रायपुर स्थित बैंक ऑफ़ बड़ौदा आरसेटी में दो दिवसीय डोमेन स्किल ट्रेनर रिन्युअल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें स्थानीय जिले के ट्रेनर समेत राज्य के सभी जिले के आरसेटी से ट्रेनर शामिल हुए। प्रथम दिवस 43 ट्रेनर और दूसरा दिन 42 ट्रेनर शामिल हुए।

कार्यक्रम का शुभारम्भ एसडीआर अशोक सिंह, छत्तीसगढ़ राज्य आरसेटी के स्टेट कंट्रोलर अरुण कुमार सोनी और बैंक ऑफ बड़ौदा आरसेटी रायपुर के डायरेक्टर सुशील राम ने ज्ञान की देवी माँ सरस्वती के तैलीय चित्र पर द्वीप प्रज्वलित करके किया गया। तत्पचात मछली पालन, ज्वेलरी, पापड़, आचार, मसाला पावडर निर्माण, मशरूम उत्पादन, केंडल मेकिंग, हल्का वाहन चालन, सॉफ्ट टॉय मेकिंग, महिला सिलाई, अगरबत्ती, कृषि उद्यमी सीसी टीवी कैमरा, बुटिपार्लर, सब्जी खेती व नर्सरी प्रबंधन, कम्प्यूटर, कोसा रेशम उद्यमी, फ़ास्ट फूड, मधुमक्खी पालन, फोटोग्राफी, वीडिओ ग्राफ़ी हॉउस वायरिंग प्लम्बिंग, सेनेटरी वर्क, बकरी पालन, मुर्गी पालन, भेड़ पालन समेत अन्य ट्रेड के ट्रेनरों द्वारा ऑनलाइन परीक्षा दी गई। इसके साथ ही मौखिक परीक्षा और पीपीटी के माध्यम से प्रस्तुति तथा ट्रेनर द्वारा आरसेटी से प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद किये जा रहे कारोबार से आमदनी को लेकर सफलता की कहानी प्रस्तुत किया गया। दो दिवसीय असेसमेंट में अभिलास निषाद, अर्चना साहू, अर्वेन्द्र कुमार, भगवंतिन, भोजराम यादव, धनेश्वर सिंह मांझी, धनकुंवर रजक, गितेश्वरी साहू, गौरव राय, हीरा बघेल, हेम बाई चन्द्रा, हितेश्वरी निषाद, जागृति साहू, कुलेश कुमार रजवाड़े, लीलावती, ममता अहिरवार, मंजू, मनोज कुमार,मोनिका निषाद, वीणा सिन्हा नीमा पटेल, नीलांद्री विस्वाल, पंकज साहू, परमेश्वरी सिंह, प्रवीण कुमार सिंह, प्रदीप कुमार सिंह रामकली चक्रधारी रविंद्र कुमार चोपड़ा रेणुका, संजू कोसले, संतोषी कंवर सरोज बाई सीसम साहू, सोमू राजपूत आदि शामिल रहे।